इधर-उधर की

परिवार के 44 लोगों को एक ही यूनिवर्सिटी से डिग्री



पुष्टि के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ नाम • इंटरनेट मीडिया

ह्यूस्टन, एजेंसी : किसी परिवार के सदस्यों का एक ही स्कूल, कालेज या यूनिवर्सिटी से पढ़ना बहुत बड़ी बात नहीं है। लेकिन कभी सुना है कि अलग-अलग पीढ़ियों में किसी परिवार के 44 लोगों ने किसी एक ही यूनिवर्सिटी से डिग्री ली है? अमेरिका की टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी में ऐसा हुआ है। यहां के वुंशे परिवार का रिश्ता टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी से 1953 में जुड़ा था। उस समय फ्रांसिस वुंशे को स्नातक की डिग्री मिली थी। [illegible] में इसी परिवार के एंड्रयू को डिग्री मिली थी। इन दोनों के बीच इसी परिवार

जागरण विशेष

अनोखा बाग, जहां पेड़ गोद लेकर दे रहे प्रकृति प्रेम का संदेश

कानपुर में भीतरगांव ब्लाक के बिरहर गांव स्थित 'लाइफ गार्डन' में कई राज्यों के लोगों ने गोद लिए पेड़-पौधे

शिवा अवस्थी • कानपुर

प्रकृति प्रेम के जज्बे में सगे भाइयों ने नौकरी छोड़ 20 बीघा भूमि में देसी-विदेशी किस्म के 3,000 पेड़-पौधों वाला अनोखा लाइफ गार्डन तैयार कर दिया, जहां फलों के साथ पर्यावरण सहेजने के पुण्य की भी पैदावार हो रही है। जगह, समय के अभाव में पौधे लगाने से वंचित रह गए बंगाल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, अहमदाबाद, दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत देश भर से लोग इन्हें गोद ले रहे हैं। गोद लिए पेड़-पौधों के पास लगीं नाम की तख्तियों का अलग ही रंग दिखता है।

लोगों की प्रतिक्रिया से उपजा विचार : कानपुर के भीतरगांव विकास खंड के गांव बिरहर के निवासी ये सगे भाई हैं हरी मिश्र और ओम मिश्र, जो निजी कंपनियों में कार्यरत रहे। शिक्षिका मां पद्मावती मिश्रा और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रहे पिता रामस्वरूप मिश्र की संतान दोनों भाई बाग के माध्यम से पर्यावरण सहेजकर सेहतमंद रहने व प्रकृति के लिए जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। हरी बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बागवानी के प्रति प्रेरक बातों से वर्ष 2019 में इस दिशा में कदम बढ़ाए। पौधे बड़े होने पर इंटरनेट मीडिया पर बाग को लेकर पोस्ट डाली तो बहुत से लोगों की टिप्पणी आई कि आपकी कृषि भूमि है, लेकिन हमारे पास तो कोई जगह ही नहीं है। इसलिए यह अनुभव हम नहीं कर सकते। कुछ लोग समय न होने की बात भी कहते। बस यहीं से विचार आया कि लोगों के पर्यावरण प्रेम को पेड़-पौधे गोद देकर पूरा किया जाए। उन्हें बताया कि आप पौधा गोद लें, उसकी परवरिश हम करेंगे। अब तक 300 से अधिक पौधे गोद लिए जा चुके हैं।



बिरहर गांव स्थित लाइफ गार्डन में पेड़-पौधों पर लगी गोद लेने वालों के नाम की पट्टिका • जागरण

जन्मदिन पर पौधे गोद लेकर केक काटते हैं लोग

इस बाग में देश के दूसरे प्रांतों के साथ ही उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लोग भी पेड़-पौधे गोद ले चुके हैं। इनमें अधिकारी, समाजसेवी व स्वर्गीय माता-पिता के नाम से पौधे लेने वाले लोग भी शामिल हैं। कुछ लोग तो अपने जन्मदिन पर पौधे गोद लेकर यहीं केक काटने के लिए भी पहुंचते हैं। ओम बताते हैं कि हमारा प्रयास लोगों को संदेश देना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण संरक्षण नितांत आवश्यक है। लोग पेड़ गोद लेंगे तो यह भावना उनके हृदय में बलवती होगी।

स्वावलंबन का भी साधन: बाग स्वावलंबन का साधन भी बना है। इसमें किन्नू, रेड माल्टा, कटहल, आम, एप्पल बेर, बादाम, अनार के साथ लाहौरी नींबू, ताइवानी अमरूद व थाई कटहल आकर्षण का केंद्र हैं। दोनों भाई 50 हजार रुपये के एप्पल बेर व 20 हजार के नींबू बेच चुके हैं। तीन वर्ष बाद 20 लाख रुपये वार्षिक आय की उम्मीद है।

विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें

चोरी मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

राब्यू, कोलकाता : बंगाल के अलीपुरद्वार जिले की एक अदालत ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व कूचबिहार से भाजपा सांसद निशिथ प्रमाणिक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अलीपुरद्वार न्यायिक तृतीय न्यायालय ने 2009 में अलीपुरद्वार में दो आभूषण की दुकानों में चोरी के एक मामले में कथित संलिप्तता के संबंध में यह वारंट जारी किया है।

शुरू में इस मामले की सुनवाई उत्तर 24 परगना जिले के बारासात की एक अदालत ने की थी। बाद में मामला अलीपुरद्वार न्यायिक तृतीय न्यायालय के समक्ष आया। बीते 11 नवंबर को अन्य आरोपितों ने जमानत याचिका दायर की, लेकिन निशिथ प्रमाणिक ने ऐसा नहीं किया।

जी-20 ने भी कहा, यह युग युद्ध का नहीं हो सकता

ने विकासशील देशों के हितों पर बात करने के लिए समूह बनाया है जिसे बेसिक नाम दिया गया है। इन समूह ने कहा कि संपन्न देश पर्यावरण सुधार के लिए विकासशील देशों को धन मुहैया कराने के अपने पूर्व में किए वादे से पीछे हट रहे हैं। इतना ही नहीं संपन्न देशों ने तेल और गैस का उपयोग भी बढ़ा दिया है।

बेसिक देशों ने विकसित देशों के इस रुख पर गंभीर चिंता जताई है कि वे पर्यावरण सुधार संबंधी कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे और जिम्मेदारी समझते हुए अभियान का नेतृत्व नहीं कर रहे। विकसित देशों के इस रुख से विश्व में पर्यावरण से जुड़ी समस्या बढ़ती जा रही है। सम्मेलन की समाप्ति से दो दिन पहले चारों विकासशील देशों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि संपन्न देश पर्यावरण सुधार के लिए विकासशील देशों को आर्थिक और तकनीक मदद देने के अपने वादे से पीछे हट रहे हैं। इतना ही नहीं, हाल के वर्षों में विकसित देशों ने तेल और गैस का उत्पादन और उपयोग भी बढ़ाया है, इससे पर्यावरण संबंधी सुधार के अभियान में मुश्किलें पैदा होंगी और स्थिति खतरनाक बन जाएगी।

संयुक्त बयान में कहा गया है कि विकसित देश तेल, गैस की अपनी खपत बढ़ा रहे हैं लेकिन विकासशील देशों पर उनका उपयोग कम करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। बेसिक देशों के मंत्रियों ने पर्यावरण सम्मेलन से इतर बैठक करके विचार-विमर्श किया और संयुक्त बयान जारी किया है। बैठक में उन्होंने 2009 में विकसित देशों द्वारा की गई प्रतिवर्ष 100 अरब डालर की आर्थिक सहायता की घोषणा न पूरी किए जाने पर चिंता जताई। भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, किसी क्षेत्र से कोई भी ईंधन एकतरफा रूप से उपयोग से बाहर नहीं किया जा सकता। पेरिस समझौते में कहा गया है कि सभी देश अपने हितों का ध्यान रखते हुए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ईंधन को धीरे-धीरे कम करें और एक समय पूरी तरह से बंद कर दें। यादव ने कहा, पर्यावरण सुधार के लिए मामूली पहल सभी देशों और विश्व को लाभ नहीं पहुंचा सकती।

के अनुसार, इमरान ने यह आरोप लाहौर स्थित अपने आवास से पार्टी द्वारा किए जा रहे लांग मार्च को संबोधित करते हुए लगाया।

बैक गियर में बस चलाकर 40 लोगों दिशा में आते दिख रहा है।

ब्रिटिश पीएम सुनक ने भारतीयों के लिए 3,000 वीजा की मंजूरी दी

बोलीदाता द्वारा 10000/- (दस हजार) रूपये बतौर जमानत राशि प्राचार्य, कार्यालय में जमा करवानी होगी, जो बोली समाप्त होने पर असफल बोलीदाता को लौटा दी जायेगी। प्राचार्य को बोली रद्द करने का अधिकार है।

प्राचार्य

सी0एम0आर0जे0. राजकीय महाविद्यालय,
मिट्ठी सुरेरा, (ऐलनाबाद)।

PRDH-1031/11/85/2023/13774/67/6

Capt. Hardev Singh College of Education (B.ED) SFS
Madina, Distt. Rohtak (Haryana)
Recognised by NCTE & Aff.to MDU. Rohtak
M : 9416050086 , 9896706016
Email: capthardevsinghcollege2008@rediffmail.com
Website: captainhardevsinghcollegeedu.com

Application are invited for the following Posts on Regular Basis :-

Principal, Assistant Professor in Education -3, Assistant Professor of Teaching of Science-2, Maths-1 , English-2, Hindi-1, S.S-1, Health & Physical Education-1, Fine Arts-1, Performing Arts-1.

Non-Teaching Staff : Librarian -1, Office -cum-Accountant, Data Entry Operator-1, Clerk-2, Peon-2 ,Sweeper-1, Chokidar-1 on self finacing Scheme (SFS) Basis, on Prescribed Application Form Available in the College Office on Payment of Rs-500/-of through DD/RTGS/NEFT Bank Detail: Principal Capt Hardev Singh College PNB Bank, Madina IFSC PUNB0003910 A/c No. 00392151010244. Eligible Candidate may download the Application from College Website or may obtain it from the college on any working day. The candidates may send the Application from duly Completed all respect along with copy of all testimonials (Visible copy of DMCs, Experience Certificate etc.) to the college office and also a copyof the same must be sent to the Dean college Development Council ,M.D. University, Rohtak with in 21 days from the Publication of the Advertisement but not Later then 7 Dec. 2022 by Registarad post or by hand for B.Ed. Cource (Teaching & Non-Teaching Staff Only.

President

सार्वजिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रॉपटी टैक्स सर्वे के के पूर्ण होने उपरांत नई प्रोपटी आई. डी. को पुरानी प्रोपटी आई. डी. से लिंक करके बकायत नगर पालिका नारनौंद ने www.ulbhryndc.org पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है। आप सभी को इस संदर्भ से पहले नोटिस भी दिये जा चुके है आपसे अनुरोध है कि आप अपना विवरण www.ulbhryndc.org पोर्टल पर चेक करें तथा यदि आपको कोई आपत्ति है या कोई सुधार चाहते है तो इसी पोर्टल पर online raise objection विकल्प पर जाकर आप दस्तावेज के साथ एतराज / आपत्ति दर्ज करवा सकते है या नगर पालिका नारनौंद के helpdesk पर दे सकते है। एतराज/आपत्ति प्राप्त होते ही नियमानुसार अपडेट करना नगरपालिका नारनौंद की जिम्मेदारी है। सूचित रहे।

सचिव, नगरपालिका नारनौंद

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी व उसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड तोशाम सिवानी, बवानी खेडा पर स्थित दुकानों को किराये पर देने के लिए दिनांक 29.11.2022 को बस स्टैण्ड भिवानी परिसर में खुली बोली के माध्यम से दुकानों की नीलामी वर्ष 2022-2025 तक के लिए की जायेगी। दुकानों का विवरण व पोलिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी से प्राप्त किये जा सकते है।

हस्ता-
महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी।

PRDH-1119/11/253/2023/13759/67/6

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राजीव गोयल पुत्र सुरेश चन्द गोयल निवासी म.नं. 12, सेक्टर-1, बहादुरगढ़, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 162/12 धारा 379/411/482/34 भा.द.सं. के तहत थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त राजीव गोयल मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त राजीव गोयल फरार हो गया (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट 162/12 धारा 379/411/482/34 भा.द.सं. के तहत थाना मौर्य एन्क्लेव दिल्ली के उक्त अभियुक्त राजीव गोयल से अपेक्षा की जाती है कि इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.01.2023 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री दीपक कुमार-
अति. मुख्य महानगर दण्डाधिकारी(उ.
कमरा न. 101 रोहिणी कोर्ट, दिल

DP/2899/NW/2022

between 10 pm to 10:10pm. The bag contains important documents including my board certificates , Degree certificates and Diploma in electronics engineering certificate and marksheet. Finder may please contact Shashi Kumar. Phone no. 9459077179

Classifieds
दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Hisar
For More Details Contact
Nitesh
7988142943